दिन—शुक्रवार दिनांक— 14 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. कुवैत अग्निकांड में गोपालगंज निवासी एक और श्रमिक की मौत की पुष्टि। बिहार के दो श्रमिकों की अब तक हो चुकी है मौत। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मृतकों के निकटतम परिजन को दो—दो लाख रूपये अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

02. प्रदेश में अब मनरेगा के तहत मिलेगा बेरोजगारी भत्ता। राज्य सरकार ने बिहार बेरोजगारी भत्ता नियमावली, दो हजार चौबीस को मंजूरी प्रदान की।

03. रूपौली विधानसभा उपचुनाव के लिए अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन पत्र भरने का काम शुरू। जदयू के कलाधर प्रसाद मंडल होंगे एनडीए उम्मीदवार।

04. और, प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी। सैंतालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

———————————————————

कुवैत में आग लगने की घटना में बिहार के एक और श्रमिक की मौत की पुष्टि हुई है। इस हादसे में बिहार के अब तक दो लोगों की मौत हुई है। श्रम संसाधन विभाग के अनुसार मृतक की पहचान गोपालगंज जिले के सपहां गांव निवासी शिव शंकर सिंह के रूप में हुई है। इस हादसे में पहले ही दरभंगा निवासी काले खां की मौत की पुष्टि हो चुकी है। इधर, हादसे में मारे गए पैंतालीस लोगों के शवों को लेकर वायुसेना का विशेष विमान आज सुबह कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा। हवाई अड्डे पर इकतीस शव उतारे गए, जिनमें से तेईस केरल के, सात तमिलनाडु के और एक कर्नाटक का था। दुर्घटना में मारे गये चौदह मृतकों के शवों को उसी विमान से दिल्ली लाया गया। प्रत्येक शव को उसके संबंधित मूल स्थान तक ले जाने के लिए एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई है। इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस हादसे पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने बिहार के मृतकों के निकटतम आश्रित को मुख्यमंत्री राहत कोष से दो—दो लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने की घोषणा की है।

———————————————————

प्रदेश में अब मनरेगा के तहत बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता मिलेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की हुई बैठक में बिहार बेरोजगारी भत्ता नियमावली दो हजार चौबीस को मंजूरी प्रदान की गयी। बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने बताया कि नियमावली के अनुसार

बेरोजगारों को मनरेगा के तहत रोजगार के लिए आवेदन देना होगा। यदि आवेदक को पन्द्रह दिनों के भीतर रोजगार नहीं मिलता है तो उन्हें सरकार दैनिक बेरोजगारी भत्ता देगी।

---बाईट---

इसके अलावा मंत्रिमंडल ने सरकारी कर्मचारियों के आवासीय भत्ते में एक से चार प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की है। कैबिनेट ने कुल पच्चीस प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की।

---

सुप्रीम कोर्ट ने नीट–यूजी परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक और अन्य अनियमितताओं के आरोपों की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका पर केंद्र और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, एनटीए से जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाश पीठ ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुये सीबीआई और बिहार सरकार को दो सप्ताह के भीतर जवाब दायर करने का निर्देश दिया। इस मामले में लंबित अन्य जनहित याचिकाओं पर भी आठ जुलाई को सुनवाई की जाएगी। इसके अलावा पीठ ने इस पूरे मामले को लेकर विभिन्न उच्च न्यायालयों में दायर याचिकाओं को सर्वोच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने की मांग करने वाली एनटीए की याचिका पर भी निजी पक्षों को नोटिस जारी किया है।

---

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि सरकार राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा– नीट के परीक्षार्थियों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने छात्रों को आश्वासन दिया कि उनकी सभी चिंताओं का निष्पक्षता और समानता के साथ समाधान किया जाएगा। श्री प्रधान ने आज सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि नीट परीक्षा से संबंधित तथ्य उच्चतम न्यायालय के संज्ञान में हैं। उन्होंने कहा कि न्यायालय के निर्देशों के अनुसार छात्रों की भलाई के लिए सरकार सभी आवश्यक कार्रवाई करेगी। श्री प्रधान ने कहा कि नीट की काउंसलिंग प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी। शिक्षा मंत्री का यह बयान छात्रों की नीट परीक्षा की जांच की मांग के मद्देनजर आयी है।

---

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आज नीट मुद्दे पर सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने नीट परीक्षा में घोटाले का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए का दुरुपयोग किया है और अंकों तथा रैंक में बड़े पैमाने पर धांधली की है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री खड़गे ने सरकार की कार्रवाई

पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार ने चौबीस लाख युवाओं की आकांक्षाओं को कुचल दिया है।

——————————————————————————

रूपौली विधानसभा उपचुनाव के लिए अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन पत्र भरने का काम आज से शुरू हो गया है। उम्मीदवार इक्कीस जून तक नामांकन पत्र भर सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच चौबीस जून को होगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि छब्बीस जून निर्धारित है। मतदान दस जुलाई को होगा, जबकि मतगणना तेरह जुलाई को होगी। गौरतलब है कि जदयू विधायक बीमा भारती के इस्तीफे के बाद यह उप चुनाव कराया जा रहा है।

——————————————————————————

जदयू के कलाधर प्रसाद मंडल रूपौली विधानसभा उप चुनाव में एनडीए के उम्मीदवार होंगे। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने यह जानकारी दी।

——————————————————————————

बिहार विधान परिषद के सभापति देवेश चन्द्र ठाकुर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। श्री ठाकुर सीतामढ़ी लोकसभा क्षेत्र से जदयू के टिकट पर निर्वाचित हुये हैं।

——————————————————————————

राज्य सरकार ने राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी को पटना में आवंटित सरकारी कार्यालय वापस लेने का फैसला किया है। भवन निर्माण विभाग द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है।

——————————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। आज बक्सर, औरंगाबाद, रोहतास और कैमूर समेत तेरह जिलों में भीषण लू की स्थिति बनी रही। पिछले चौबीस घंटों के दौरान सैंतालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। पटना का अधिकतम तापमान इकतालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि कल भी राज्य के दक्षिणी हिस्सों में लू को लेकर रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

———बाईट———

मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि दक्षिण—पश्चिम मॉनसून की उत्तरी सीमा में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है, लेकिन अगले चार से पांच दिनों के दौरान इसके बिहार के उत्तर—पूर्वी भागों में आगे बढ़ने की सम्भावना है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज, पूर्णियां, अररिया, सुपौल और कटिहार समेत राज्य के उत्तर–पूर्वी और दक्षिण–पूर्वी हिस्सों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई है। किशनगंज के ढेंगरा घाट में सबसे अधिक चौंसठ मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी।

———————————————————————

पांच दिवसीय हज यात्रा आज से शुरू हो गई है। दुनिया भर से लगभग बीस लाख लोग सऊदी अरब के मिना में एकत्रित हो रहे हैं। भारतीय तीर्थयात्रियों को हज सुविधा मोबाइल ऐप के जरिए सूचना और शिकायत दर्ज कराने की सुविधा प्रदान की जा रही है।

———बाईट———

इस बार हज यात्रा के लिए एक लाख 75 हजार भारतीय जायरीन मक्का और मदीना पहुंचे हैं। इन लोगों के लिए भारत सरकार ने विशेष इंतजाम किये हैं। भारतीय हज कमेटी के माध्यम से पहुंचे 95 प्रतिशत लोगों को मदीना के मरकजिया क्षेत्र के होटलों में ठहराया गया है। यहां उनके जलपान की व्यवस्था भी की है। 33 हजार जायरीनों को जेद्दाह से मक्का तक पहुंचाने की व्यवस्था के अंतर्गत तीन सौ किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलने वाली हाईस्पीड ट्रेन की सुविधा देने वाला भारत पहला देश बन गया है। बिना मेहरम के पहुंचने वाली जायरीन के लिए खास प्रबंध किये गये हैं। इस बार यहां महिलाओं की सहायता के लिए महिला कर्मचारी नियुक्त की गई हैं। भारतीय हज यात्रियों के लिए पहली बार 24 घंटे बस सेवाओं की व्यवस्था की गई है। समाचार कक्ष से अभिषेक कपिल।

———————————————————————

वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र किशोर को आज पटना के जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से पद्मश्री से सम्मानित किया। श्री किशोर अस्वस्थ होने के कारण दिल्ली में आयोजित पद्म पुरस्कार समारोह में शामिल नहीं हो सके थे। श्री किशोर को भाषा, शिक्षा और पत्रकारिता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया गया है।

———————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने अठारह जून को होने वाली डीएलएड प्रथम वर्ष और एसटीईटी के पहले दिन की परीक्षा को स्थगित कर दिया है। सत्रह जून को होने वाले बकरीद पर्व लेकर यह फैसला किया गया है। समिति ने कहा है कि स्थगित परीक्षाओं की नई तिथियों की घोषणा बाद में की जायेगी। शेष परीक्षाएं अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होंगी।

———————————————————————

मुजफ्फरपुर स्थित श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आज तीन बच्चों में एईएस की पुष्टि हुई है। अस्पताल में अब तक इकतीस बच्चों में एईएस की पुष्टि हो चुकी है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर........

01. कुवैत अग्निकांड में गोपालगंज निवासी एक और श्रमिक की मौत की पुष्टि। बिहार के दो श्रमिकों की अब तक हो चुकी है मौत। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मृतकों के निकटतम परिजन को दो–दो लाख रूपये अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

02. प्रदेश में अब मनरेगा के तहत मिलेगा बेरोजगारी भत्ता। राज्य सरकार ने बिहार बेरोजगारी भत्ता नियमावली, दो हजार चौबीस को मंजूरी प्रदान की।

03. रूपौली विधानसभा उपचुनाव के लिए अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन पत्र भरने का काम शुरू। जदयू के कलाधर प्रसाद मंडल होंगे एनडीए उम्मीदवार।

04. और, प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी। सैंतालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।